आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

SATYA SPORTS
We are deals in professional carrom board and sports goods wood.
Add.- Plot no.11, Sector- 6/1, Shatabdi Nagar, Meerut (U.P.)
Owner - Ujjwal Pal Kalanjari
9927178000, 8193933555

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल मो. : 9358430959 Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 9 मेरठ, गुरुवार 5 मार्च, 2026 Website:- harikamaldarpan.com कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## होली मिलन समारोहों में बिखरे सद्भाव के रंग









**मेरठ।** जनपद में विभिन्न स्थानों पर होली मिलन समारोह आयोजित किए गए जिनमें लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ व युवा पाल महासभा मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर 28 फरवरी को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी व अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ के संस्थापक सदस्य कालूराम पाल के आवास पर गांव नंगलातासी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरवीर पाल जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मेरठ रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह पाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश पाल, सुप्रीम कोर्ट की सॉलीसीटर व अधिवक्ता श्रीमती नीरज पाल, दिल्ली की भाजपा नेत्री व समाजसेविका श्रीमती प्रेमवती पाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी मुंशी अमर सिंह पाल ने की तथा सफल संचालन एडवोकेट महेन्द्र सिंह पाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल व युवा जिलाध्यक्ष दीपक पाल के साथ ही सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रमेश पाल रिठानी, बिजेन्द्र पाल रिठानी, चन्द्रपाल मोहकमपुर, राजेन्द्र पाल गेसूपुर, अरुण पाल किनापुरिया, मुकेश पाल किनापुरिया, सूबेदार हरपाल सिंह पाल, चमन सिंह पाल, कुंवर पाल हसनपुर, अर्जुन पाल, विनोद पाल पल्हैड़ा, सतीश पाल मुखिया, विवेक पाल उर्फ हैप्पी, तपेश पाल नूरनगर, नरेश पाल रोहटा, सत्यवीर पाल, वीर पाल, कृष्ण पाल नंगलाताशी, हरेन्द्र पाल सोरका, एडवोकेट मेहर सिंह पाल, जयभगवान पाल एमडीए, संदीप पाल, कमल पाल सिंह ठेकेदार, डॉ. भूषण उर्फ बंटी, योगेश पाल दायमपुर, महेश पाल जैनपुर, सुरेश पाल जैनपुर, निरंजन सिंह पाल पत्रकार आदि सहित सैंकड़ो लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में चाय-पकौड़ी के साथ ही भोजन की उचित व्यवस्था की गई थी। इसके अगले दिन 1 मार्च को पाल धर्मशाला बृजघाट पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश पाल, राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह पाल, धर्मशाला के प्रधान तेजवीर सिंह पाल, उपाध्यक्ष जगत सिंह पाल, मेरठ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल, युवा जिलाध्यक्ष दीपक पाल, डॉ. भूषण पाल उर्फ बंटी, चमन सिंह पाल, जयसिंह पाल कौल आदि सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी। 1 मार्च को ही अखिल भारतीय पाल महासभा जनपद मेरठ एवं अखिल भारतीय युवा पाल महासभा मेरठ द्वारा प्रगति नगर पाल धर्मशाला में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान सुरेन्द्र पाल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट राजकुमार पाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे एवं एकता को मजबूत करने पर बल दिया तथा होली पर्व के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंग, गुलाल एवं पुष्प वर्षा के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी गईं। पाल महासभा मेरठ के सभी पदाधिकारियों ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द और एकजुटता को बढ़ावा देते हैं। समारोह में नेता रामप्रसाद पाल, छत्रपाल सिंह पाल, मांगेराम पाल, आनंद पाल, लक्ष्मी चन्द पाल, हरीश पाल, लखन पाल, रोहतास पाल, जगत सिंह, रमेश पाल पूर्व पार्षद, तेजवीर पाल, बिजेंद्र पाल, जयलाल पाल, एड. रामकरण पाल, एड. मोहित पाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था की गई। यह समारोह सामाजिक एकता, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक बनकर अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। -ब्यूरो

## डॉ. राम सहाय पाल की श्रद्धाजंलि सभा में ढोंग आडम्बरों से दूर रहने का संकल्प

**शाहजहांपुर।** शाहबाद के महेश लान में सामाजिक पुरोधा डॉ. राम सहाय पाल की श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉक्टर साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और मृतक भोज व अन्य ढोंग आडम्बरों से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व बिलग्राम मल्लावां के प्रत्याशी सुभाष पाल, पूर्व प्रत्याशी रहे यदुनन्दन लाल लोधी, शिवशरण पाल, शिवदास पाल, फूलचंद पाल, रजनीश पाल, अरविंद पाल, संगठन के जिलाध्यक्ष अरुणेश पाल, विधिक सलाहकार सर्वेश पाल एडवोकेट, अरुण पाल अध्यापक,



रक्षपाल विजय नगर, सुधीर पाल प्रधान, धर्मेंद्र पाल चक, राधेश्याम पाल विद्युत विभाग सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉक्टर साहब के पुत्रगण ज्ञान प्रकाश पाल एडवोकेट व विद्युत कार्यालय सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील प्रकाश पाल ने सभी



का आभार व्यक्त किया। सभी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर यूथ ब्रिगेड की मुहिम को सराहा तथा मृतक भोज जैसी कुरीति को छोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता के.पी. सिंह पाल ने की व संचालन राम सागर पाल एडवोकेट ने किया। -के.पी. सिंह पाल

## धनगर जाति प्रमाण-पत्र प्रकरण : जिलाधिकारी अलीगढ़ व तहसीलदार के खिलाफ वारंट जारी

**मथुरा।** धनगर जाति प्रमाण-पत्र प्रकरण में जिलाधिकारी अलीगढ़ एवं तहसीलदार कोल के खिलाफ उच्च न्यायालय प्रयागराज ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दोनों लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए हैं। इस लड़ाई में धनगर समाज विकास समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र कुमार धनगर ने अहम भूमिका निभाई है। समिति के अध्यक्ष सतीश धनगर एवं समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि इस आंदोलन को और तेजी से बढ़ाया जायेगा और वह दिन दूर नहीं जब जिला अधिकारी मथुरा और तहसीलदार सदर को भी उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हाईकोर्ट में जोरदार पैरवी करने वाले समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र कुमार धनगर ने बताया कि तहसीलदार सदर को मेदाराम धनगर के मामले में हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना और लालमती प्रकरण में मायके की जाति सत्यापन रिपोर्ट की अनदेखी भारी पड़ेगी। -ब्यूरो

## मुख्यमंत्री से की धनगर, गायरी, गाडरी व गडरिया को डीएनटी जातियों की सूची में जोड़ने की मांग

**जयपुर।** विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ के पदाधिकारियों के द्वारा ज्ञापन के बाद राजस्थान में डीएनटी जातियों की सूची से वंचित धनगर गायरी गाडरी गडरिया जैसी जातियों को भी सूची में जोड़ने की मांग यहां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के समक्ष एक कार्यक्रम में मंच से उठाई गई। यह जानकारी नकुल कुमार गायरी युवा प्रदेश अध्यक्ष विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ राजस्थान ने दी। -ब्यूरो





कृष्ण पाल

वीरेन्द्र कुमार पाल

गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेडा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेडा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## रासपा को मजबूत करें!



*राष्ट्रीय समाज पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष महादेव जानकर ने पिछले कुछ समय में अपनी पार्टी की उत्तर प्रदेश में जड़ें मजबूत करने के लिए काफी प्रयास किए थे और कुछ हद तक उन्हें सफलता भी मिली थी लेकिन सही नेतृत्व के अभाव में रासपा का संगठन ज्यादा मजबूत नहीं हो पाया। पिछले काफी समय से उत्तर प्रदेश में रासपा के प्रदेश अध्यक्ष का पद भी रिक्त चल रहा है जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी निराशा व्याप्त है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को इस ओर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि प्रदेश में लगभग सभी पार्टियों ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। उत्तर प्रदेश में रासपा का संगठन अभी भी काफी कमजोर है, जरूरत इस बात की है कि पार्टी द्वारा पूरे राज्य में सघन सदस्यता अभियान चलाया जाए जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। पार्टी का मुख्य चेहरा महादेव जानकर हैं और लोगों को उनसे काफी उम्मीदें भी हैं लेकिन पिछले काफी समय से वे मीडिया की सुर्खियों से दूर हैं जिसे किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। महादेव जानकर को यह बात अच्छी तरह समझनी होगी की देश की राजनीति में प्रचार-प्रसार का बहुत महत्व है। कोई भी राजनेता यदि मीडिया की सुर्खियों से दूर रहता है तो जनता उसे भुला देती है। इसलिए महादेव जानकर के लिए सुझाव है कि वे नियमित रूप से प्रेस कांफ्रेंस करने की व्यवस्था बनाएं, साथ ही देश व समाज में हो रही घटनाओं के बारे में अपनी राय जनता के समक्ष खुलकर रखें। देश में मुद्दों की कमी नहीं है, किसी भी मुद्दे को लेकर पार्टी कोई भी देशव्यापी आंदोलन शुरू कर सकती है। हाल ही में वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमाएं तोड़ने के मुद्दे को समाजवादी पार्टी, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी आदि पार्टियों ने जोरशोर से उठाकर गडरिया समाज की सहानुभूति बटोरने का सफल प्रयास किया जबकि रासपा इस मुद्दे को सही ढंग से नहीं उठा पाई। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

# गडरिया समाज के वार्षिक सम्मेलनों का उद्देश्य और कार्ययोजना का निर्धारण

राष्ट्र का हृदय स्थल छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश है। इसके साथ ही राष्ट्र के उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के साथ विभिन्न राज्यों में समाज के लोग निवास करते हैं। छत्तीसगढ़/मध्य प्रदेश के सामाजिक संगठनों का अपना महत्व है। इसमें गडरिया ढेंगर समाज, निखर समाज, झेरिया गडरिया समाज, देसहा गडरिया समाज, झाडे-वराडे, गडरिया समाज छत्तीसगढ़/मध्य प्रदेश में निवास करते हैं। परंपरा एवं अपने-अपने समाज में सुविधा अनुसार, समाज के कार्यों का वार्षिक सम्मेलन महाशिवरात्रि पर्व से गंगा दशहरा तक विभिन्न स्तर पर संपन्न होते रहते हैं। सभी समाज के लोग लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महारानी इंदौर एवं भगवान शिव तथा भेड़ का पूजन कर सम्मेलन को मनाते हैं। पूर्व काल में समाज का जो सम्मेलन होता था उसमें समाज के एक वर्ष के कार्यों की समीक्षा होती थी। सामाजिक रीति-नीति-नियम का निर्धारण होता था। समाज के लोगों की सामान्य समस्याओं का निराकरण होता था। कालांतर में मीडिया टेक्नोलॉजी एवं शिक्षा तथा राजनीति के प्रभाव से समाज का वार्षिक सम्मेलन उत्सव, प्रदर्शन, विधायक, मंत्री के आने से केवल समाज के लिए मंत्रियों, विधायकों से विभिन्न कार्यों के लिए राशि की मांग करना ही रह गया है। यह कार्य होना चाहिए, किंतु समाज के मूलभूत उद्देश्य और सिद्धांत को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि समाज के भौतिक विकास के साथ-साथ समाज में निवास करने वाले युवा वर्ग, बच्चे, बुजुर्ग सभी के लिए भावनात्मक और सांस्कृतिक जागृति का काम भी अति आवश्यक है। एक दिन का समय अपने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए चिंतन-मनन करने के लिए सुरक्षित रखना चाहिए। हम सामाजिक वार्षिक सम्मेलन में अपने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास कर सकते हैं। समाज के वार्षिक सम्मेलन का निर्धारण 2 दिन का होना चाहिए। प्रथम दिवस दोपहर 12 बजे माता-बहनों के द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जा सकता है। इस आयोजन से हमारी परंपराओं को जीवंत और जागृत बनाने का आधार बनता है। साथ ही समाज के और अन्य समाज के नागरिकों को सम्मेलन की जानकारी और आमंत्रण भी मिल जाता है। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच समाज के आराध्य देवी-देवता, महापुरुषों की आरती-पूजन कर समारोह का शुभारंभ कर सकते हैं। समाज के पदाधिकारी द्वारा स्वागत भाषण व अन्य जानकारी दी जा सकती है। 4 से 7 बजे तक विधायक, मंत्री, अन्य समाज के गणमान्य नागरिकों का सम्मान, उद्बोधन, श्रेष्ठ काम करने वाले सामाजिक भाई-बहनों का अतिथियों द्वारा सम्मान आदि कर सकते हैं। 7 से 9 बजे तक भोजन और विश्राम की व्यवस्था बनाई जा सकती है। द्वितीय दिवस प्रातःकाल 6 से 7 बजे तक ध्यान योग प्राणायाम, 8 से 10 बजे तक स्वल्पाहार, प्रातः 10 से 2 बजे तक सामाजिक बैठक का आयोजन कर सकते हैं। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सामूहिक भोज व विदाई। कार्ययोजना बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सूत्र हैं जिन पर विचार किया जा सकता है-

1. वार्षिक सम्मेलन में समाज की जनगणना का प्रस्ताव।
2. सामान्य सामाजिक समस्याओं का निराकरण।
3. समाज के पदाधिकारियों द्वारा आमदनी, खर्च, बचत राशि का प्रस्तुतीकरण।
4. संगठन को सशक्त बनाने के लिए ग्राम से लेकर राज्य स्तर तक के लिए निर्वाचन कार्य नियम का अनुमोदन।
5. समाज को नशामुक्त करने के लिए सामाजिक स्तर पर विधिसम्मत नियम का निर्धारण।
6. समाज के युवा वर्ग जो अन्य समाज के युवक-युवती के साथ भागकर रिलेशनशिप में रहते हैं, उनके लिए नीति निर्धारण करना।
7. समाज के स्मृति विशेषांक, पत्रिकाओं आदि के विमोचन आदि के लिए निर्धारण करना।
8. वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन के नीति-नियम का निर्धारण करना।
9. समाज का निर्वाचन ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक लोकतांत्रिक पद्धति से संपन्न करना।
10. सगोत्र विवाह को सामाजिक मान्यता नहीं देना।
11. मृतकों के शांति भोज को श्रद्धांजलि के रूप में बहुत ही सादगी के साथ निर्धारण करना।

ये ऐसे महत्वपूर्ण विषय हैं जिन पर समाज के वार्षिक सम्मेलन में कार्ययोजना बनाकर समाज के विकास के लिए सामूहिक रूप से प्रयत्न करना श्रेष्ठ हो सकता है। यदि सामाजिक पदाधिकारी और प्रबुद्ध वर्ग के युवा वर्ग के लोग सब मिल-जुलकर ऐसे उपरोक्त सूत्रों पर निर्णय लें तो वार्षिक सम्मेलन करने का उद्देश्य लगभग पूरा हो सकता है। वार्षिक सम्मेलन के नाम पर समाज के द्वारा जो प्रदर्शन उत्सव किया जाता है उससे सामाजिक विकास का उद्देश्य पूरा नहीं होता। उसके लिए उपरोक्त सूत्रों पर काम करना, विचार करना आवश्यक है। यह केवल हमारी ओर से समाज के हित में सुझाव के रूप में प्रस्तुत है।



**-नारायण प्रसाद पाली**
प्रांतीय प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़
मो. 9575761235

# होली का महत्व : रंगों में रची भारतीय आत्मा!

भारत उत्सवों की धरती है और इन उत्सवों में होली का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा, कृषक जीवन और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। फाल्गुन पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व जीवन में नवचेतना, प्रेम और सकारात्मकता का संदेश लेकर आता है। होली का ऐतिहासिक और पौराणिक आधार अत्यंत प्राचीन है। इसका उल्लेख धर्मग्रंथों-विशेषकर भागवत पुराण और विष्णु पुराण-में मिलता है। भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा इस पर्व का मूल आधार है। हिरण्यकश्यप के अहंकार और अत्याचार के सामने बालक प्रह्लाद की अटूट भक्ति ने यह सिद्ध कर दिया कि सत्य और धर्म की विजय निश्चित है। होलिका दहन उसी घटना की स्मृति में मनाया जाता है, जो यह संदेश देता है कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः उसका विनाश होता है। होली का एक मधुर और सांस्कृतिक आयाम कृष्ण और राधा की लीलाओं से जुड़ा है। ब्रजभूमि-विशेषकर मथुरा और वृंदावन-में होली का उत्सव प्रेम और भक्ति की अनुपम छटा बिखेरता है। यहाँ रंग केवल शरीर पर नहीं, हृदय पर चढ़ते हैं। इसी समय भारतीय किसान के जीवन में भी रंग खिल उठते हैं। रबी की फसलें-गेहूँ की सुनहरी बालियाँ, चने की हरियाली और सरसों की पीली चादर-खेतों में लहराने लगती हैं। महीनों की कठिन मेहनत के बाद जब किसान अपनी पकती हुई फसल को देखता है, तो उसके चेहरे पर संतोष का उजाला छा जाता है। उसके लिए होली केवल सामाजिक उत्सव नहीं, बल्कि श्रम की सफलता और समृद्धि का प्रतीक है। खेतों की हरियाली उसके मन में आशा का हरा रंग भरती है और सुनहरी बालियाँ उसके भविष्य की उजली तस्वीर बन जाती हैं। सामाजिक दृष्टि से होली का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह पर्व जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र की सीमाओं को मिटाकर सभी को एक सूत्र में बाँध देता है। रंगों का आदान-प्रदान केवल बाहरी उत्साह नहीं, बल्कि यह मन के मैल को धोने और आपसी कटुता को समाप्त करने का प्रतीक है। बच्चों की किलकारियाँ, युवाओं का उल्लास और बुजुर्गों का आशीर्वाद-सब मिलकर समाज को एक रंग में रंग देते हैं। प्राकृतिक दृष्टि से भी होली महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देती है। चारों ओर खिले फूल, नई कोंपलें और सुहावना वातावरण प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक हैं। मानो धरती स्वयं रंगों की पिचकारी लेकर मानव को संदेश दे रही हो-'जीवन को प्रेम और आशा से रंगो।' अंततः, होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन है-जो हमें सिखाता है कि बुराइयों को जलाकर, मन को निर्मल बनाकर और प्रेम के रंगों में रंगकर ही जीवन सार्थक बनता है। यही होली का वास्तविक महत्व है। 'राधा-कृष्ण का प्यार, रंगों से सजा संसार।'



**-सुनील कुमार पाल**
जिलाध्यक्ष, अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा, मुजफ्फरनगर
मो. 9870777096

# शोध आलेख : दिन प्रतिदिन बढ़ता साइबर क्राइम!

आधुनिक समय में हमें जो सुख-सुविधाएं प्राप्त हैं उनमें इंटरनेट का बड़ा योगदान है। परंतु सुख के पीछे-पीछे दुख भी चला आता है। इंटरनेट की सुख-सुविधाओं के पीछे साइबर क्राइम रूपी दुख भी मानव जीवन में मानव द्वारा निर्मित एक बड़ी समस्या पैदा हो गई है। बात करते हैं साइबर अपराध की। साइबर अपराध होता क्या है? वस्तुतः कोई भी अपराध जिसमें कंप्यूटर या नेटवर्क या हार्डवेयर का प्रयोग करके समाज विरुद्ध, राष्ट्र विरुद्ध, आर्थिक, सामाजिक हानि पहुंचाई जाती है। मनुष्य द्वारा मनुष्य के साथ कंप्यूटर डाटा, कंप्यूटर या अन्य कंप्यूटराइज्ड उपकरणों द्वारा धोखाधड़ी साइबर क्राइम का हिस्सा हैं। वायरस अटैक, हैकिंग द्वारा उक्त कृत्यों को किया जाता है। कानूनन यह साइबर क्राइम है। साइबर अपराध भिन्न-भिन्न प्रकार के होते हैं, जैसे- फिशिंग, विशिंग, स्मिशिंग, स्पीयर फिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग, स्पूफिंग, फार्मिंग, मालवर्टाइजिंग, एडवेयर, क्रॉस साइट स्क्रिप्टिंग अटैक, स्टेगनोग्राफी, व्हेलिंग, रैनसमवेयर, की लॉगर, जूस जैकिंग, सिम क्लोनिंग और सिम स्वैपिंग आदि। गूगल पर इस संबंध में उपयोगी जानकारी मिल जाती है। आज के समय में प्रत्येक जन को साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी होना अति आवश्यक है, क्योंकि आधुनिक युग इंटरनेट का युग है। मानव जाति का प्रत्येक कार्य इंटरनेट के माध्यम से ही हो रहा है। कोई भी इंसान इंटरनेट से अछूता नहीं है। प्रत्येक मनुष्य के जीवन में इंटरनेट किसी न किसी रूप में हर क्षण एक अति आवश्यक भूमिका निभा रहा होता है। आज के समय में प्रत्येक मनुष्य के पास इंटरनेट से संबंधित उपकरण होते हैं और ऐसे उपकरण अति आवश्यक भी मानवीय जीवन में हो गये हैं। इनके बगैर मनुष्य जीवन अधूरा लगता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप व अन्य कंप्यूटराइज्ड उपकरण मनुष्य जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुके हैं जिनकी सुरक्षा व देखभाल भी अति आवश्यक है। जैसे अध्यात्म की दुनिया में देवीय मंत्र उपयोगी होता है और मोक्ष का द्वार खोलता है, ठीक वैसे ही पासवर्ड मंत्र इंटरनेट के विभिन्न प्लेटफॉर्मों का द्वार खोलता है। कई बार कुछ फोन कॉल से भी विशिंग हो सकता है। मैसेज से भी हो सकता है। वाईफाई से भी हो सकता है। क्यू आर कोड से भी हो सकता है। फर्जी फोन कॉल से साइबर अपराधी भोले-भाले लोगों को मोबाइल टावर, लोन या फिर अन्य कोई काम-धंधा जो घर बैठे कर सको और लाखों रुपए कमाओ का लालच देते हैं। कुछ कामी पुरुष बॉडी मसाज, लड़की देसी-विदेशी से सेक्स के नाम पर ठगे जाते हैं। ऐसे साइबर अपराधी हैलो गैंग के नाम से प्रचलित हैं। सोशल मीडिया का जमाना है, लुभावने विज्ञापनों से बचें। सोशल मीडिया सतर्क होकर इस्तेमाल करें। आप सतर्क रहेंगे तो इंटरनेट का भरपूर आनंद उठा पायेंगे। ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति को न दें। सतर्क रहिए-सुरक्षित रहिएङ्ग! (संदर्भ : 1-प्रयास पत्रिका, अंक-1, अप्रैल-जून 2022, 2-गूगल सर्च इंजन)



**-मुकेश कुमार ऋषि वर्मा**
गाँव-रिहावली, डाक-तारौली गुर्जर, फतेहाबाद, आगरा-283111
मो. 9627912535

# आरडीएल पब्लिक स्कूल सरकौड़ा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सुल्तानपुर।** कुड़वार विकास खण्ड अंतर्गत सरकौड़ा ग्राम सभा पटईपुर स्थित आरडीएल पब्लिक स्कूल में 28 फरवरी को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध वैज्ञानिक मॉडलों एवं प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपने ज्ञान, रचनात्मकता और नवाचार क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स का संक्षिप्त विवरण भी प्रस्तुत किया गया, जिसे अभिभावकों और उपस्थित अतिथियों ने अत्यंत सराहा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में आयोजित साइंस ओलंपियार्ड फाउंडेशन (एसओएफ) परीक्षा के अंग्रेजी एवं सामान्य ज्ञान विषय के घोषित परिणामों में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-



छात्राओं को अंकपत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक हरी राम पाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर झगरू प्रसाद मौर्य, प्रमोद जायसवाल, सीमा देवी, देवी प्रसाद, पवन कुमार पांडेय, मोहम्मद मुस्तफा, सचिन जायसवाल, हृदय राम यादव, रमेश विश्वकर्मा, देवेंद्र राय, मोहम्मद अय्यूब, विपिन मिश्रा, दिनेश जायसवाल एवं जयकुमार शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य पवन कुमार पाल, डॉ. अंजनी कुमार पाल, विपुल कुमार पाल, प्रधानाचार्य राम नारायण पाल, अजय तिवारी, ज्योति साहू, सावित्री, रेनू तिवारी, रामकुमार पाल, अमृता सिंह, प्रियांशी शुक्ला, अंजुला तिवारी, कोमल, शिवानी सिंह, रेनू कुमारी, वंदना एवं अंशिका सहित समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों अभिभावकों की सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। प्रबंधक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, जिससे उनका मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं शारीरिक विकास सुनिश्चित हो सके। **-अंजनी कुमार पाल**

# धनगर समाज का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला

**बिजनौर।** धनगर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल कृपाल सिंह धनगर के नेतृत्व में जिला विजिलेंस जांच टीम के संबंध में जिलाधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि मंडल कमिश्नर मुरादाबाद के आदेश पर जिला विजिलेंस टीम ग्राम समसपुर सदूदो में तहसीलदार नगीना, जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, थाना अध्यक्ष नगीना देहात के नेतृत्व में जांच टीम ग्राम समसपुर सदूदो में 16 फरवरी को ग्राम पंचायत भवन गई थी। जिला विजिलेंस टीम ने जांच के दौरान गवाहों की गवाही के बाद हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान नहीं करवाए थे। जब कृपाल सिंह धनगर ने गवाहों के हस्ताक्षर करवाने के लिए कहा तो तहसीलदार नगीना ने बाद में सभी गवाहों के हस्ताक्षर करवाने की बात कही। जब जांच प्रकिया पूर्ण हो गई है तब भी सभी गवाहों के हस्ताक्षर करवाने की बात कही गई तो तहसीलदार नगीना ने कृपाल सिंह धनगर की बात को नहीं माना। प्रधान पति राकेश पुत्र सीताराम, घनश्याम पुत्र नत्थू, अशोक पुत्र जगदीश, पदम सिंह पुत्र पटेल, रामपाल सिंह पुत्र गणेश सिंह, नौबहार सिंह पुत्र



पृथ्वी सिंह, टीकाराम पुत्र जयराम सिंह, सत्येंद्र कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह, मुकेश पुत्र बलजीत सिंह, अजय पुत्र लक्ष्मण सिंह, बाबूराम पुत्र टेकचंद, रामलाल पुत्र मुरारी सिंह, दयाराम सिंह पुत्र खुशीराम, धर्मवीर सिंह पुत्र पूरन सिंह, विनोद कुमार पुत्र महावीर सिंह आदि ग्रामीणों ने विजिलेंस टीम को कृपाल सिंह के समर्थन में अपने बयान दिए हैं, मगर उपरोक्त व्यक्तियों के बयानों के नीचे हस्ताक्षर व अंगूठा निशान करवाने के आदेश विजिलेंस टीम, तहसीलदार नगीना, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद को करने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया धनगर समाज के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह धनगर, रिटायर विकासखंड अधिकारी शिव सिंह धनगर, भूदेव सिंह चंदेल धनगर, एडवोकेट सत्येंद्र धनगर, ऑल इंडिया धनगर समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता एमपी सिंह धनगर, विजयपाल सिंह धनगर, राकेश कुमार धनगर, अजय कुमार धनगर आदि उपस्थित रहे। **-बृजपाल सिंह धनगर**

# जय झेरिया समाज का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न







**रायपुर।** जय झेरिया (गडरिया) धनकर समाज का वार्षिक अधिवेशन खरखराडीह (चेरिया) में अजय हंसा प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. सर्व गडरिया समाज महासंघ के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर के तैलचित्र का पूजा-अर्चना कर किया गया, तपश्चात अतिथियों का स्वागत जय झेरिया के पदाधिकारियों ने किया। स्वागत भाषण अध्यक्ष सुंदरलाल धनकर ने दिया। अधिवेशन में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय हंसा ने गड़रिया समाज के विकास के लिए सभी सामाजिक बंधुओं को आपस में मिल-जुलकर रहने पर बल दिया। विशेष अतिथि प्रभुदयाल मेषपाल संरक्षक, तेजराम पाल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, आशीष धनगर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ढेंगर गडरिया समाज, मिलन धनकर प्रदेश अध्यक्ष झेरिया गडरिया समाज, यशवंत पाल प्रदेश अध्यक्ष देसहा पाल समाज, गोविंद धनगर प्रदेश अध्यक्ष झाडे समाज, सुब्बाराव सावरकर वराडे समाज, सोहन महतो झेरिया समाज, अभिमन्यु धनगर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ढेंगर समाज, नारायण प्रसाद पाली, कृष्णा सावरकर, गणपत राव खराने, मिलन पाल, जीवन ताल्हन व बिरेन्द्र धनगर ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जय झेरिया गडरिया समाज द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में शॉल एवं लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर का छायाचित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महासचिव पुणेंद्र पाल एवं आभार प्रदर्शन रामसाय पाल द्वारा किया गया। **-नारायण प्रसाद पाली**

# विमुक्त घुमंत और अर्द्धघुमंत जनजाति महासंघ ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन






**राजगढ़।** विमुक्त घुमंत और अर्द्धघुमंत जनजाति महासंघ ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी राजगढ़ को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मणिकर्णिका घाट पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के साथ हुए अपमान और तोड़फोड़ का विरोध जताया गया है। यह प्रतिमा एक प्राचीन मूर्ति थी और उसके सार्वजनिक रूप से हुए क्षति को लेकर महासंघ ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। साथ ही विमुक्त जनजाति छात्रावास की बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ सोशल मीडिया पर फैली बच्चों के अपहरण से जुड़ी झूठी अफवाहों और इसके परिणामस्वरूप हुई हिंसा पर चर्चा हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीएस धनगर, प्रदेश अध्यक्ष नारी शक्ति शाखा मध्य प्रदेश सुनीता, जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, जिला सलाहकार सर्जन सिंह, जिला प्रवक्ता विनय सिंह, पर्वत सिंह, देव सिंह, रामू सिंह, कालु, राजू नाथ, राम सिंह और अन्य मंडल एवं स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। **-पटेल मधुसूदन धनगर**

# धैर्य, संघर्ष और संकल्प की प्रतिमूर्ति गायत्री कुमारी बघेल का भव्य स्वागत

**भरतपुर।** धैर्य, संघर्ष और संकल्प की प्रतिमूर्ति गायत्री कुमारी बघेल का 'स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति समाजोत्थान न्यास' के राजस्थान संयोजक सुरेश चंद रियार द्वारा 26 फरवरी को उनके पदभार संभालने पर उनके निवास पर अपने परिवार व अन्य साथियों के साथ पहुंचकर पगड़ी पहनाकर व पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पति की मौत के बाद बच्चों का ध्यान रखते हुए पढ़ाई करके गायत्री अब पटवारी बन गइ हैं। जीवन कभी आसान नहीं होता, लेकिन धैर्य, संघर्ष और संकल्प उसे सुनहरा बना सकते हैं। इस बात को साकार करते हुए भरतपुर जिले की पिड़ियानी इकरान निवासी गायत्री कुमारी बघेल ने दो साल पहले आई व्यक्तिगत विपत्ति के



बावजूद मेहनत और हिम्मत से पटवारी पद पर चयनित होकर सबका दिल जीत लिया। दो वर्ष पूर्व उनके पति का असमय निधन हो गया था। इसके बावजूद गायत्री ने न केवल अपने दो छोटे बच्चों की परवरिश की बल्कि पढ़ाई जारी रखी और सरकारी नौकरी में सफलता प्राप्त की। उनके इस संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल ने क्षेत्र और समाज में नई उम्मीद जगाई है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके मायके राजीव कॉलोनी के निवासियों ने उन्हें माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में अशोक प्रधानाचार्य, कप्तान मीना, सत्यवीर जघीना, सुरेश, योगेश, संगीता, पूनम, शकुंतला, ज्योति बघेल और अन्य लोग मौजूद रहे। गायत्री कुमारी की यह सफलता केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र और समाज के लिए गर्व का विषय है। उनके साहस और लगन ने यह संदेश दिया है कि कठिनाइयों के बावजूद यदि निश्चय और मेहनत साथ हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

# सतपाल सिंह चंदेल बने भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता, पदाधिकारियों ने दी बधाई

**मुरादाबाद।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर ओमवीर सिंह द्वारा सतपाल सिंह चंदेल को संगठन का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं और



पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है और इसे संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सतपाल सिंह चंदेल इससे पहले संगठन में राष्ट्रीय सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका तथा अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद सतपाल सिंह चंदेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों और किसानों-मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाने का काम करेंगे और अध्यक्ष द्वारा जताए गए विश्वास तथा उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। मोहम्मद इंतेखाब उर्फ कासिम पाशा जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी इस नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# देवी अहिल्याबाई सामुहिक विवाह सेवा ट्रस्ट ने दूसरा विवाह कराया



**दिल्ली।** देवी अहिल्याबाई सामुहिक विवाह सेवा ट्रस्ट द्वारा द्वितीय विवाह 25 फरवरी को बड़े हर्षोल्लास के साथ सादगी, आडंबर रहित और बिना दहेज के राधा कृष्ण मंदिर, जी.टी. करनाल रोड बाइपास स्थित माता राम बेटी वृद्धाश्रम में सामाजिक बुद्धिजीवी, चिंतनशील, अनुभवी संतों और बड़े-बुजुर्गों के सहयोग और आशीर्वाद से संपन्न हुआ। **-ब्यूरो**

## फार्म-4

**'हरिकमल दर्पण'**

**के प्रकाशन के सम्बन्ध में सूचना**
**फार्म-4**
**(नियम 8 देखिये)**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : मेरठ (यूपी) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : साप्ताहिक, प्रत्येक माह की 5, 12, 19 व 26 तारीख को प्रकाशित |
| 3. मुद्रक का नाम | : चाहत त्यागी |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हां |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : XXXXXXXXXXX |
| पता | : चाहत प्रिंटर्स, सी-30, प्रीत विहार, नौचंदी ग्राउंड, मेरठ-250004 (उ.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : कमल सिंह |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हां |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : XXXXXXXXXXX |
| पता | : 60, शिवशंकर पुरी, मेरठ शहर-250002 (उ.प्र.) |
| 5. सम्पादक का नाम | : निरंजन सिंह पाल |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हां |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : XXXXXXXXXXX |
| पता | : 60, शिवशंकर पुरी, मेरठ शहर-250002 (उ.प्र.) |
| उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचारपत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : निरंजन सिंह पाल<br>: 60, शिवशंकर पुरी, मेरठ शहर-250002 (उ.प्र.) |

मैं कमल सिंह एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।
दिनांक 04 मार्च 2026 ई.

ह./
(कमल सिंह)
प्रकाशक

# जेडी वीमेंस कालेज में डा. उर्मिला पाल सम्मानित

**आरा।** जे.डी. वीमेंस कालेज में 'समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान डॉ. उर्मिला पाल को सम्मानित किया गया। शाहाचाद बुद्धिजीवी मंच के संचालक सह साहित्यकार डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह सम्मान उनकी दीर्घकालीन साहित्य साधना का प्रतिफल है। पूर्व विद्यालय प्राचार्य विकास राय, राम




सुदर्शन सिंह, विजय बहादुर राय, सत्यनारायण तिवारी एवं डॉ. पुरुषोत्तम उपाध्याय ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. पाल अपने निवास पर पुस्तकों के बीच रहकर सतत साहित्य साधना में लीन हैं। सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रभावना के प्रति समर्पण के लिए भी वे जानी जाती हैं। उनके पुत्र अभिषेक कुमार एनआइटी दुर्गापुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रहे हैं, जबकि आशुतोष कुमार एनआइटी मेघालय से एमटेक कर रहे हैं। उनकी पुत्री डॉ. अभिलाषा कुमारी बुद्धा डेंटल कालेज से इंटर्नशिप हैं। **-ब्यूरो**

# साधक, साधना और साध्य!

**(मधुकथा 260225) 19:45**

